अमर उजाला 16/09/2024

डॉ. अनीश को मिला हिंदी काव्य रत्न सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

नेपाल की लुंबिनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित

अंबाला। जीएमएन कॉलेज हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनीश कुमार को हिंदी काव्य रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल की लुंबिनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिया गया।

डॉ. अनीश कुमार।

यह कार्यक्रम नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल की ओर से भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी दिवस पर सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसमें नेपाल, भारत, अमेरिका, कनाडा और तंजानिया से 6742 पुरुष एवं महिला रचनाकारों की सहभागिता थी। इसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया है।

संस्था की ओर से डॉ. अनीश कुमार को उनकी बेहद संवेदात्मक और स्वयं रचित कविता "पिता" के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. अनीश की अनेक रचनाएं देश की विभिन्न मानक पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि यह कॉलेज के लिए बड़े ही गौरव और गर्व का क्षण है।